हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 11 अप्रैल 2026

06 किसानों को फसल का उचित भाव मिले सरकार...

07 नप कर्मी को लगा करंट, विद्युत विभाग पर आरोप...




### विद्युत वितरण कंपनी अधिकारियों ने पुलिस थाने में की शिकायत, एफआईआर दर्ज, मामले का आरोपी पूर्व पार्षद

# भाजपा पार्षद पति ने स्मार्ट मीटर छीनकर लगाई आग, कर्मचारियों को बनाया बंधक

हैरत की बात यह रही कि कर्मचारियों के कब्जे से 15 स्मार्ट मीटर छीन लिए और उन पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर सरेआम माचिस लगा दी। देखते ही देखते सरकारी संपत्ति धू-धू कर जलने लगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भैरुंदा तहसील में स्मार्ट मीटरों को लेकर एक विवादित मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि शहर के वार्ड क्रमांक 1 से महिला पार्षद के पति (पूर्व पार्षद) ने स्मार्ट मीटर लगा रहे बिजली कंपनी के कर्मचारियों को बंधक बनाया साथ ही स्मार्ट मीटर छीनकर उन्हें आग के हवाले कर दिया।

मामला गुरुवार दोपहर का है, जब मेसर्स अपरवा कंपनी की टीम शासन के निर्देश पर स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची थी, तभी वार्ड क्रमांक-1 के भाजपा पार्षद पति कैलाश चंद धावरे मौके पर पहुंचे। शिकायती पत्र के अनुसार धावरे ने पहले जनता को मीटर के खिलाफ भडक़ाया और फिर आपा खोते हुए कर्मचारियों से गाली-गलौज शुरू कर दी।

हैरत की बात यह रही कि कर्मचारियों के कब्जे से 15 स्मार्ट



मीटर छीन लिए और उन पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर सरेआम माचिस लगा दी। देखते ही देखते सरकारी संपत्ति धू-धू कर जलने लगी। इस कृत्य से विद्युत कंपनी को करीब 1 लाख 12 हजार रुपये का नुकसान पहुंचा है।

#### टीम को बनाया बंधक

पीड़ित कर्मचारी दानिश फैजान का आरोप है कि पार्षद पति ने उन्हें और उनकी टीम को मौके पर बंधक बना लिया। उन पर दबाव डाला गया कि जितने भी मीटर अब तक लगाए गए हैं, उन्हें तुरंत उखाड़ा जाए। कर्मचारियों ने बताया कि आरोपी का यह व्यवहार नया नहीं है, वह अक्सर सत्ता पक्ष का हवाला देकर काम में अड़ंगे डालता है।

#### एफआईआर दर्ज

बिजली कंपनी के सहायक प्रबंधक टेकसिंह बाल्के के लिखित आवेदन पर थाना भेरुंदा में तत्काल कार्यवाही की गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया है। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि शासकीय कार्य में बाधा डालने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी कैलाश धावरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले में वैधानिक अग्रिम कार्यवाही जारी है।

#### शिकायत मिली है

विद्युत विभाग की शिकायत मिली है। सरकारी संपत्ति के नुकसान का मामला है। जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**घनश्याम दांगी**, थाना प्रभारी, भैरुंदा

## खबर संक्षेप

### जन अभियान परिषद अध्यक्ष का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष मोहन नागर 11 अप्रैल को प्रातः 11 बजे सीहोर के जिले के देवबड़ला पहुंचेंगे और नेवज नदी के उद्गम स्थल पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 2 बजे ग्राम मेहतबाड़ा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके बाद वे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शिविर लगाकर किया गया 668 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 10 अप्रैल को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 483 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 185 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 77 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### अधिकारियों ने की कुष्ठ प्रभावितों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा




**सीहोर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग स्पेशल मॉनिटर डॉ प्रदीप्ता कुमार नायर एवं लेप्रोसी ऑफिसर डॉ निधि शर्मा द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के लिए जिले में संचालित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि इन योजनाओं का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, ताकि कुष्ठ से प्रभावित व्यक्ति सामान्य रूप से समाज में अपना स्थान बना सके और मुख्यधारा में जुड़ सकें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, एसडीएम स्वाति मिश्रा, सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया, डीपीओ ज्ञानेश खरे, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गेहूं खरीदी की 'ठंडी' शुरुआत, 240 केंद्रों पर महज 535 अन्नदाता पहुंचे, औसत 2 किसान प्रति केंद्र

### रस्म अदायगी के साथ शुरू हुआ उपार्जन, पहले दिन लक्ष्य के मुकाबले केंद्रों पर सन्नाटा



#### जिले में खरीदी के प्रमुख आंकड़े

कुल पंजीकृत किसानः 1,02,485
कुल खरीदी केंद्रः 240
खरीदी का लक्ष्यः 7 लाख मीट्रिक टन
पहले दिन पहुंचे किसानः 535
पहले दिन की खरीदीः 2247 मीट्रिक टन
अंतिम तिथिः 5 मई

**सीहोर।** जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद शुक्रवार से जिले भर के 240 उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की औपचारिक शुरुआत हो गई। हालांकि पहले दिन केंद्रों पर रौनक काफी कम नजर आई। आंकड़ों पर गौर करें तो प्रति केंद्र औसत महज 2 से 3 किसान ही अपनी उपज लेकर पहुंचे। जिला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार शाम 5 बजे तक जिले के सभी केंद्रों को मिलाकर कुल 535 किसानों से 2247 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है।

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों का पूजन कर खरीदी कार्य प्रारंभ किया गया। कई केंद्रों पर पहुंचे शुरुआती किसानों का फूल-मालाओं से स्वागत भी किया गया। जिला उपार्जन प्रभारी आकाश चंदेल ने बताया कि व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन मुस्तैद है और जिले के करीब 19,339 किसान अब तक अपनी फसल बेचने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक कर चुके हैं।

#### व्यवस्थाओं के दावे, पर केंद्रों पर सन्नाटा

प्रशासन ने केंद्रों पर छाया, पेयजल और बैठने की माकूल व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन खरीदी



के पहले दिन उत्साह उम्मीद से कम रहा। जिले में कुल 1,02,485 किसानों ने पंजीयन कराया है और लक्ष्य 7 लाख मीट्रिक टन का है। ऐसे में पहले दिन की 2247 मीट्रिक टन की खरीदी महज एक 'औपचारिकता' की तरह देखी जा रही है।

#### प्रति क्विंटल 2625 मिलेगा दाम

बता दें इस बार शासन ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2625 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो पिछले वर्षों के मुकाबले किसानों के लिए राहत की बात है। खरीदी का समय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक तय किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए सप्ताह में केवल 5 दिन सोमवार से शुक्रवार ही खरीदी की जाएगी। शनिवार और रविवार को केंद्र बंद रहेंगे, ताकि खरीदे गए माल के उठाव और प्रबंधन का कार्य किया जा सके।

## पलटन एरिया में तड़के कबाड़ बनी कारों में लगी,एक-एक कर पांच कारें जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के पलटन एरिया में आज तड़के आगजनी की घटने हुई। यहां एक घर के पास कबाड़ के रूप में खड़ी पांच कारें धू-धू कर जल गईं। गनीमत रही कि आग की लपटों ने आसपास के रिहायशी मकानों को अपनी चपेट में नहीं लिया, वरना घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में जनहानि भी हो सकती थी।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 4.30 बजे जुबेर नामक व्यक्ति के घर के पास हुआ। यहां काफी समय से पुरानी और जर्जर गाड़ियां इकट्ठा करके रखी गई थीं। तड़के अचानक इन गाड़ियों से आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग इतनी विकराल हो गई कि वहां खड़ी पांचों कारें लोहे के कंकाल में तब्दील हो गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन



गाड़ियों के टैंक में ईंधन होता तो धमाका इतना बड़ा होता कि पूरा इलाका इसकी जद में आ जाता।

#### दमकल ने मशक्कत के बाद पाया काबू

आग की सूचना मिलते ही स्थानीय रहवासियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और पानी की भारी बौछार कर आग पर नियंत्रण पाया। हालांकि जब तक आग बुझी, तब तक लाखों रुपये का नुकसान हो चुका था। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है, पुलिस और प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं।

**घनी बस्ती में खतरे का गोदाम :**इस घटना ने घनी आबादी वाले क्षेत्रों में चल रहे कबाड़खानों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। निवासियों में घटना के बाद भारी आक्रोश और डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि आबादी के बीच इस तरह बड़ी संख्या में पुराने वाहन और कबाड़ जमा करना किसी 'टाइम बम' से कम नहीं है।

#### आबादी से दूर हो कबाड़खाने

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से चल रहे ऐसे कबाड़ स्थलों की जांच की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इन कबाड़खानों को आबादी क्षेत्र से बाहर शिफ्ट नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### नाले की साफ-सफाई

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत कोठरी नप द्वारा वार्ड क्रमांक 15 में बड़े नाले की साफ-सफाई कार्य किया गया। इसी प्रकार रेहटी नप द्वारा वार्ड क्रमांक 13,14 और 15 में नाले-नालियों की सफाई की गई। जिन नलों में टोटी नहीं लगी हुई थी उन नलों में टोटी लगाई गई, ताकि पानी व्यर्थ न बहे। नागरिकों को भवन निर्माण मे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया।

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव को लेकर घर-घर दे रहे निमंत्रण, चल समारोह निकाला जाएगा



**सीहोर।** इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव को आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद भी ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और विप्रजन पूरे उत्साह के साथ शहर सहित आस-पास के स्थानों पर पहुंचकर भव्य चल समारोह का प्रचार-प्रसार कर रहे है। गत दिनों भी युवाओं, महिलाओं सहित अन्य समाजजनों की बैठक का आयोजन किया जा चुका है। भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव आगामी 26 अप्रैल को आस्था और उत्साह के साथ शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ बाल विहार मैदान पर समापन किया जाएगा। इसके अलावा आगामी 20 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम का विशेष अभिषेक सुबह आठ बजे से किया जाएगा। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में शहर के अनेक स्थानों पर घर-घर पहुंचकर ब्राह्मणजनों को आगामी दिनों में होने वाले महोत्सव को लेकर निमंत्रण दिया। इस मौके पर विप्रजनों ने भगवान परशुराम के नारे भी लगाए। इस मौके पर चल समारोह अध्यक्ष राजेश शर्मा, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, कोषाध्यक्ष रुपेश तिवारी, युवा अध्यक्ष रजत व्यास, चल समारोह युवा अध्यक्ष तनिष त्यागी आदि बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी मौजूद थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित, सुनील शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर 20 अप्रैल को सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की जाएगी। वहीं आगामी 26 अप्रैल को भव्य जन्मोत्सव चल समारोह निकाला जाएगा।

### ग्राम घाटपलासी व झरखेड़ा में किया अमरूद की खेती का निरीक्षण

# पात्र किसानों को दिलाया जाए उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ : संभागायुक्त संजीव सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने सीहोर जिले के ग्राम घाट पलासी में किसान शीला मीणा और उनके पति श्यामलाल मीणा द्वारा उद्यानिकी विभाग की योजना के अंतर्गत की जा रही पिंक ताइवान किस्म की अमरुद की खेती का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसान शीला मीणा ने संभागायुक्त श्री सिंह को बताया कि वे अपनी 2.5 हैक्टेयर भूमि में इस किस्म के अमरूद की खेती कर रही हैं।

इसी प्रकार संभागायुक्त ने ग्राम झरखेडा के किसान सीताराम पाटीदार द्वारा 02 हैक्टेयर में की जा रही अमरूद की खेती का निरीक्षण



किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से अमरुद फसल उत्पादन तकनीक, बाजार व्यवस्था और फसल मूल्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उन्हें फसल विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के अधिक से अधिक पात्र किसानों को उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए, ताकि किसान उद्यनिकी फसलों को बढ़ावा दें और जिले में उद्यानिकी का रकबा तथा किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त संभागायुक्त विनोद यादव, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी सुनील रघुवंशी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजनों को ऑन द स्पॉट वितरित किए जाएंगे सहायक उपकरण

**सीहोर।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों में एडिप योजना के अंतर्गत दिनांकवार ऑन द स्पॉट चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर पात्र दिव्यांगजनों को कैलिपर्स एवं कृत्रिम हाथ-पैर सामग्री निःशुल्क वितरित की जाएगी। निशुल्क सामग्री वितरण के लिए फैब्रिकेटिंग एजेंसी को अधिकृत किया गया है। जारी निर्देशानुसार सीहोर जनपद पंचायत कार्यालय में 15 अप्रैल, इछावर जनपद पंचायत कार्यालय में 16 अप्रैल, आष्टा जनपद पंचायत कार्यालय में 17 अप्रैल, भैरूंदा जनपद पंचायत कार्यालय में 21 अप्रैल और बुधनी जनपद पंचायत कार्यालय में 22 अप्रैल को शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### दो होनहारों ने 11वीं में 90% से अधिक अंक लाकर बढ़ाया मान





**कांटाफोड़।** क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, यह एक बार फिर साबित कर दिखाया है ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी जयप्रकाश शर्मा के परिवार के होनहार बच्चों ने। परिवार की बेटी गौरी जगदीश शर्मा ने बालाजी स्कूल कन्नौद से कक्षा 11वीं में 92.34 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। वहीं उनके भाई रामकुमार जगदीश शर्मा ने भी 93.06 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एक ही परिवार के दो प्रतिभाशाली बच्चों की इस उपलब्धि से पूरे ग्राम मुहाई सहित कन्नौद क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। दोनों भाई-बहनों की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण साफ झलकता है। इनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है। परिजनों का कहना है कि बच्चों ने शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीरता दिखाई, जिसका परिणाम आज इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है। परिवार ने इस उपलब्धि का श्रेय गुरुओं के मार्गदर्शन और बच्चों की निरंतर मेहनत को दिया है। इस उल्लेखनीय सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### भारतीय किसान संघ के डॉ. दुक्तावा बने सतवास तहसील सह प्रभारी

**सतवास ।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत सतवास तहसील में एक दिवसीय आवासीय बैठक का सफल आयोजन मंडी प्रांगण लोहारदा में किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रांतीय, संभागीय एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन विस्तार, किसानों की ज्वलंत समस्याओं तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।
आयोजित हुई बैठक में किसान हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की गई।

## जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की शुरुआत गुरुवार से हुई

# किसानों को फसल का उचित भाव मिले सरकार की पहली प्राथमिकता:विधायक

### कलेक्टर, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने खुद परखी खरीदी की पूरी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की शुरुआत गुरुवार से हो गई। पहले ही दिन हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने दुर्गापुरा स्थित स्टील सायलो उर्पाजन केंद्र पर अपनी उपज विक्रय करने आए किसानों का तिलक लगाने के साथ माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया और रिबन काटकर गेहूं उपार्जन की शुरुआत की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार, बहादुर मुकाती, सायलो केंद्र के प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं कृषकगण उपस्थित थे।इस अवसर पर विधायक मनोज चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आज गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया है। किसानों को उनकी फसल का उचित भाव मिले यह मप्र सरकार की पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को उपज बेचने में परेशानी न हो इसके लिए शासन-प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि जो किसान बाहर से आते हैं उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए यहां पीने के पानी, छांव सहित अन्य सुविधाएं देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उपार्जन केंद्रों पर शासन द्वारा की जा रही सुविधाओं के लिए मैं किसानों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद व्यक्त करता हूं। कलेक्टर ऋतुराज सिंह, विधायक मनोज चौधरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने किसानों की उपज आने से लेकर नमी की जांच, वजन और उपज सायलो में खाली होने तक की पूरी प्रक्रिया को देखा। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए छाया, ठंडे पानी की व्यवस्था और शौचालय का प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा।कलेक्टर सिंह ने कहा कि सायलो केंद्र पर गेट के अंदर गाड़ी आने से खाली होकर बाहर निकलने तक महज 01 घंटे का समय लगेगा। यहां एक साथ 6 गाड़ियां खाली हो सकती हैं। उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली गई है। उपार्जन केंद्रों पर कांटे की व्यवस्था की गई, आवश्यकतानुसार उन्हें बढ़ाया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने बताया कि रबी विपणन मौसम 2026-27 जिले में गेहूं उपार्जन के लिए कुल 77335 किसानों ने पंजीयन कराया है। गेहूं उपार्जन के लिए जिले में कुल 131 गेहूं उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये है। कलेक्टर सिंह ने किसान भाईयों से अनुरोध है कि वे उपार्जन केंद्रों पर आकर अपनी गेहूं की उपज को लेकर आए तथा आसानी से विक्रय करें।जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश कुमार अहिरवार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन मौसम 2026-27 हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन नीति एवं एसओपी जारी गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक करने की सुविधा (सप्ताह में 05 दिवस सोमवार से शुक्रवार) उपलब्ध कराई गई है। किसान अपनी सुविधा अनुसार दिनांक एवं गेहूं उपार्जन केन्द्र का चयन कर स्लॉट बुक कर सकते है। जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों पर किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु दिनांक 09, 10, 13, 15, 16, 17 अप्रैल 2026 के लिए कुल 10324 स्लॉट बुक कर लिये गये है।

# आरटीओ ने की स्लाइडर लगी स्लीपर बस जब्त

### पीयूसी नहीं होने पर 6 बसों पर लगा जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान द्वारा जिले में यात्री बसों के विरूद्ध विशेष जॉच अभियान चलाया गया। चैकिंग कार्यवाही में यात्री बसों विशेषकर स्लीपर बसों की जॉच की गई जिसमें शासन द्वारा दिये गये मापदण्डों के अनुरूप निर्माण के संबंध में जॉच की गई। जॉच किये जाने पर एक स्लीपर यात्री बस जिसमें स्लाईडर लगे हुए थे, को तत्काल जप्त कर अभिरक्षा में लिया गया, मौके पर ही उक्त स्लीपर बस में लगे स्लाईडर को हटाया गया। एक अन्य यात्री बस का परमिट शर्तों के उल्लंघन में जप्त किया गया। चैकिंग कार्यवाही में यात्री बसों में निर्धारित दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी के साथ ही आपातकालीन द्वार, अग्निशमन यंत्र तथा सुरक्षा मानकों की विशेष जाँच की गई। आज की गई चैकिंग कार्यवाही में 2 यात्री बसों, तथा एक मालवाहक वाहन को जप्त कर परिवहन कार्यालय परिसर में अभिरक्षा में रखा गया। साथ ही 6 वाहनों पर पीयूसी नहीं पाए जाने पर चालानी कार्यवाही कर 30000 रुपए अर्थदण्ड किया गया। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा समस्त परिवहन अधिकारियों को यात्री बसों एवं स्लीपर बसों में सुरक्षा संबंधी मानकों जैसे आपातकालीन द्वार, अग्निशमन यंत्र, वीएलटीडी डिवाइस, स्लाइडर इत्यादि के संबंध में विशेष जॉच अभियान चलाने के संबंध में आदेश जारी किये गये हैं। परिवहन अधिकारी ने मौके पर समस्त वाहन चालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी-अपनी बसों का संचालन यातायात नियमों के अनुरूप ही करें, किसी भी परिस्थिति में ओव्हरलोडिंग एवं ओव्हर स्पीडिंग ना की जावे। नियमों का पालन नहीं किये जाने पर वाहन एवं वाहन चालकों के विरूद्ध सख्ती से चालानी कार्यवाही की जावेगी। परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि चैकिंग अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# मेघा कंपनी नर्मदा पाइप लाइन की साइड से लोहे के सरिया चोरी करने वाले आरोपियों को 10 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पुलिस थाना कमलापुर पर गुरुवार को फरियादी भूरा राम पिता भगत राम जाट उम्र 29 साल निवासी बाड़मेर राजस्थान हाल मुकाम गोविंद नगर कान्टाफोड़ द्वारा द्वारा रिपोर्ट किया था, कि वह हैदराबाद की मेघा कम्पनी नर्मदा सिंचाई परियोजना अंतर्गत पाइप लाइन डालने का ठेका लिया। कंपनी की साइड ग्राम दिवसीया के पास जंगल में चल रही है उक्त साइड से 1 से 6 अप्रैल के बीच कोई अज्ञात बदमाश करीब ढाई कुंन्टल सरिया चोरी करके ले गया है।

फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध कर उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी एस एस मीणा के नेतृत्व मे टीम गठित की गई। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि मुखबिर कि सूचना के आधार पर दो आरोपियों अजय सिंह राजपूत निवासी ग्राम देवासिया व नंदराम कोरकू निवासी ग्राम सिंघलादेह को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से चोरी गया माल करीब ढाई कुंन्टल लोहे का सरिया कीमती 15000 का बरामद किया गया।आरोपी अजय सिंह द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाईजर नंदराम कोरकू से चोरी किया हुआ 3 कुंटल सरिया 4500 रुपए में ख़रीदा गया था। अजय सिंह पिता प्रेम सिंह राजपूत उम्र 25 साल निवासी ग्राम देवस्या,02- नंदराम पिता गोरेलाल जाति कोरकू ठाकुर उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिंगला देह थाना कान्टाफोड़ को गिरफ्तार कर न्यायालय बागली में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक अरुण आर्य, प्र. आर राजेंद्र शर्मा,प्र आर भगवती प्रसाद खरे,आरक्षक अरुण वर्मा,सैनिक विष्णु प्रसाद सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

### वायरल वीडियो की सीएमएचओ से शिकायत के बाद नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन किया निरस्त



**देवास ।** भ्रूण परीक्षण से संबंधित वीडियो वायरल हुआ। वीडियो को सीएमएचओ को भेजकर शिकायत की गई थीं। अब संबंधित डॉक्टर के खिलाफ भी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने श्रीराम नर्सिंग होम की संचालिका डॉ. चारु तिवारी के खिलाफ प्रथम दृष्टया अपराध पाया है। उनके खिलाफ थाना कोतवाली में गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। गुरुवार शाम को श्रीराम हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया। कार्रवाई कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने की। जांच के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. सरोजनी जेम्स बैक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर डॉ. चारु तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

# भव सागर से तरने का उपाय राम कथा बताती है:उद्धवदास महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राम से बढ़कर राम नाम की महिमा है। राम का नाम लिखने से पाषाण समंदर में तेर जाते हैं, ऐसे चमत्कारी दो अक्षर के नाम को निरंतर जाप करना चाहिए, जिससे जीवन सुखमय बन जाता है। मनुष्य को पूरे दिन में कुछ समय सत्संग के लिए अवश्य निकालना चाहिए। सत्संग करने से मनुष्य के द्वारा किए पाप का क्षय होता और पुण्य का उदय होता है। उक्त विचार शहर के विश्वनाथपुरी श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में समिति के द्वारा जारी नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीराम कथा के पहले दिन महंत उद्धवदास महाराज ने कहे। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

उन्होंने कहाकि आज युवा वर्ग का उत्साह सत्संग में नहीं लग रहा है। यह चिंता का विषय है। जिस प्रकार से गंदे वस्त्रों को साफ करने के लिए साबुन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मन के विकारों को साफ करने के लिए सत्संग की जरूरत होती है। समय-समय पर संतों के सानिध्य से तन और मन की शुद्धि हो जाती है। जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से चलायमान रखना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस युग में सुख और दुख आते जाते रहते हैं। हमारे अंदर पॉजिटिव ऊर्जा संचार नहीं होगा तो सुख का सदुपयोग नहीं कर पाएंगे। समिति ने बताया कि हर साल की तरह श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के द्वारा विश्वनाथपुरी सीवन स्काय के पास प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों ने कथा में शामिल होने की अपील की।

# शुभ मुहूर्त में शुरू कराई गई समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का शुभारंभ गुरुवार को पूरे विधि-विधान और शुभ मुहूर्त में किया गया। गिरिराज वेयरहाउस एवं प्रभु श्री वेयरहाउस में टोल कांटे की पूजा-अर्चना के साथ तुलाई प्रक्रिया की विधिवत शुरुआत हुई। इस अवसर पर किसानों का फूल-मालाओं से सम्मान कर उनका स्वागत किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। प्रभु श्री वेयरहाउस में सोसायटी प्रबंधक ज्ञानेंद्र जोशी ने शुभ मुहूर्त में पहली तुलाई कर खरीदी कार्य का शुभारंभ किया। वहीं गिरिराज वेयरहाउस में मुकेश जायसवाल द्वारा तुलाई की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक सुखलाल मौर्य ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए तुलाई प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से गिरिराज वेयरहाउस के ओमप्रकाश होलानी ने मुहूर्त पूजन से लेकर तुलाई व्यवस्था तक सक्रिय भूमिका निभाते हुए पूरी व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखा। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संचालित की जाएगी। स्लॉट व्यवस्था के अनुसार तुलाई की जाएगी, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। शुभ मुहूर्त में खरीदी शुरू होने से किसानों में संतोष और खुशी का माहौल देखा गया। इस अवसर पर लोहारदा नगर भाजपा अध्यक्ष वंशीलाल भूतड़ा, नन्दकिशोर बाल्दी, सुशील पसारी, विजय जोशी, छगनलाल राठौर, नरेंद्र मुंदड़ा, जिला योजना समिति सदस्य प्रदीप डाबी, संजय गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि बलदाऊ दुबे आदि मौजूद थे।

## बैठक में कार्यक्रम को मनाए जाने के संबंध में लिए कई निर्णय

# डॉ.अम्बेडकर, महात्मा फुले जयंती मनाए जाने को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक द्वारा शुक्रवार 12 बजे कांग्रेस कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे अजा बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 के डॉ.अम्बेडकर पार्क में विश्व रत्न संविधान के रचियता बोधीसत्व डॉ.अम्बेडकर व शिक्षा अग्रदूत महात्मा ज्योति राव फूले की जयंती भव्य रूप से मनाये जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती थे तथा विशिष्ठ अतिथि डॉ.अनीस खान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री सीताराम भारती, उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम यादव पार्षद द्वारा की गई। शुरूआत नगर पालिका में प्रतिपक्ष के नेता पार्षद विवेक राठौर ने डॉ.अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम को भव्यरूप से मनाये जाने हेतु मालवीय बलाई मसाज के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमनारायण परमार ने कहा कि इस वर्ष भी भारी संख्या में डॉ.अम्बेडकर व ज्योतिबा फले की जयंती पर भारी संख्या में पुष्पांजली अर्पित करने नागरिकगण पहुंचेगें। राजीव गुराजती ने कहा कि कार्यक्रम में समस्त कांग्रेसजन, खेतीहर मजदूर, डॉ.अम्बेडकर अनुयाई, जाटव समाज के सभी संगठनों से उपस्थित होने का अनुरोध करता हूं।

उक्त कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री प्रीतम दयाल चौरसिया, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव तत्कालीन पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, मंगल सिंह ठाकुर, ओम बाबा राठौर, मुकेश ठाकुर, जितेन्द्र परिहार, पंकज शर्मा, अरूण मालवीय, रामचरण दसलानिया, कमल सूर्यवंशी, धन्नालाल परचौले, नारायण सिंह परिहार, जयराम जाटव, आजम लाला, धरम प्रकाश आर्य, पन्नालाल खंगराले, शोभाराम अहिरवार, मुन्नालाल निरंजन भगवत सिंह सिलावट, दीपक सोनकर, प्रवेश परिहार, मदन मालवीय, रामबुगस सूर्यवंशी, मुन्नालाल मालवीय, पूर्व सरपंच नन्द किशोर मालवीय, बाबूलाल अहिरवार, पूर्व जनपद सदस्य रामकिशन मालवीय, डॉ.घासीराम मालवीय आदि भरी संख्या में उपस्थित थे।

# कैलाश पर एक साथ रहते हैं विपरीत बुद्धि के जीव, यही शिव संस्कार: पं. उपाध्याय

### श्रीमद भागवत कथा में हुआ शिव पार्वती का विवाह




**सीहोर।** भोलेबाबा का श्रृंगार भक्त को शिव संस्कार से जोड़ता है। कैलाश पर्वत पर सर्प,बिच्छु, शेर, नंदी, मोर चूहा जैसे प्राणी स्वभाव से एक दुसरे के विरोधी होते है किंतू शिव कृपा से समरसता एकता से रहते है यही शिव संस्कार है। हमें भी परिवार में कालोनी में प्रदेश देश में एकता अखंडता से रहना चाहिए। महाकाल का महा प्रताप सनातन ही नही हर धर्म संप्रादाय में मिलता है उक्त उद्गार शुक्रवार को मोती बाबा मंदिर स्थित परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में श्रद्धालुओं को शिव विवाह प्रसंग सूनाते हुए पंडित चेतन उपाध्याय ने प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के तीसरे दिन पंडित प्रदीप पाठक के सानिध्य में मुख्य यजमान आशीष कुशवाह ने सपत्नि भगवत गीता एवं समस्त देवी देवताओं का पूजन किया। तत्पश्चात पंडित चेतन उपाध्याय ने मधुर श्रीकृष्ण भजनों के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि माता पार्वती ने शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या कर भोलेनाथ को वरदान देने पर विवश कर दिया। भारत की नारी अगर ठान ले तो ईश्वर को भी झुकाने का दम रखती है। विभिन्न धर्मिक घटनाक्रमों के साथ शिव और पार्वती का विवाह तय हुआ। शिव बारात में दुनिया भर के हजारों भूत पिसाज शामिल हुए बारात में ब्राम्हजी और विष्णू भगवान सहित देवी देवता संतजन भी शामिल हुए। कथा पंडाल में शिव और पार्वती के मध्य वरमाला हुई। विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से पंडित चेतन उपाध्याय ने श्रद्धालुओं को भक्ति का मार्ग दिखाया।

## कुरावर में केबलीकरण कार्य के बीच बड़ा हादसा टला

# नप कर्मी को लगा करंट, विद्युत विभाग पर आरोप, बिना सूचना काटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में चल रहे केबलीकरण कार्य के दौरान लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे वार्ड क्रमांक 14, नगर परिषद कार्यालय के पीछे स्टेट लैंप लगाने पहुंचे नगर परिषद के विद्युत कर्मचारी नवीन वर्मा (35) अचानक करंट की चपेट में आ गए। हालांकि मौके पर मौजूद सहकर्मी अशोक मीणा की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया और कर्मचारी को गंभीर चोट नहीं आई।

घटना के तुरंत बाद घायल कर्मचारी को गवली प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे खतरे से बाहर बताया गया। सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना और मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सैन मौके पर पहुंचे और घायल का हालचाल जाना। बताया जा रहा है कि पिछले एक माह से विद्युत विभाग द्वारा नगर में केबलीकरण कार्य किया जा रहा है, लेकिन



नगर परिषद को इसकी कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। आरोप है कि इस दौरान स्ट्रीट लाइट के कनेक्शन काट दिए गए और कई स्थानों पर दोबारा जोड़े भी नहीं गए, जिससे रात में अंधेरा बना रहता है। इतना ही नहीं, इस अवधि में नगर परिषद के करीब 18 लैंप भी गायब होने की बात सामने आई है। नगर परिषद ने बिना अनुमति कार्य किए जाने को लेकर पुलिस थाना और संबंधित विभाग को लिखित शिकायत भी दी है। अधिकारियों के अनुसार, मध्य प्रदेश शासन के नियमों के तहत किसी भी विद्युत कार्य से पहले स्थानीय निकाय को सूचना देना अनिवार्य होता है, ताकि समन्वय और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### नियमों की अनदेखी पड़ी भारी

नियमों के मुताबिक विद्युत विभाग को पूर्व सूचना देकर ही कार्य करना चाहिए, ताकि स्ट्रीट लाइट व्यवस्था प्रभावित न हो और सुरक्षा उपाय किए जा सकें। लेकिन इस मामले में लापरवाही के चलते न केवल नगर की रोशनी व्यवस्था बाधित हुई, बल्कि एक कर्मचारी हादसे का शिकार भी हो गया।

### अधिकारियों का कहना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सैन ने कहा कि विद्युत विभाग ने केबलीकरण कार्य की कोई जानकारी नहीं दी। ह्लउन्होंने हमारे लैंप के कनेक्शन हटा दिए और कई लैंप गायब हो गए। इसकी शिकायत हमने पुलिस में की है। आज हमारा कर्मचारी कनेक्शन जोड़ने गया था, जहां वह करंट की चपेट में आ गया।

वहीं विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता सत्येंद्र सिंह का कहना है कि यदि नगर परिषद द्वारा पहले सूचना दी जाती, तो विभाग बिजली बंद कर लाइनमैन उपलब्ध कराता। ह्लसमन्वय के अभाव में यह घटना हुई है। इस घटना के बाद नगर में विभागीय समन्वय, सुरक्षा व्यवस्था और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## भूजल के स्तर को मिलेगी बढ़त, आमजन को होगी राहत

# पीलूखेड़ी में लाखों की लागत के चेक डैम का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

ग्राम पीलूखेड़ी में गुरुवार सुबह 11 बजे ग्रामीण विकास और जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। हिन्दुस्तान कोको कोला प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्राम गिलाखेड़ी के किसानों के हित में लाखों रुपए की लागत से चेक डैम का निर्माण कराया गया, जिसका विधिवत लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ इच्छीत गढ़पाले द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि कोका-कोला कंपनी की यह पहल क्षेत्र के किसानों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि चेक डैम के निर्माण से वर्षा जल का संचयन संभव होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

जिला पंचायत सीईओ इच्छीत गढ़पाले ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र की ऐसी भागीदारी ग्रामीण विकास के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा



कि जल संरक्षण के इस प्रयास का सकारात्मक प्रभाव आसपास के क्षेत्रों में भी देखने को मिलेगा।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस परियोजना को किसानों के हित में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर महामंत्री लखन राजपूत, जिला सलाहकार समिति सदस्य दिनेश मीणा, जनपद सदस्य कमला प्रसाद शर्मा, सरपंच ज्ञान सिंह, भोला सिंह राणावत, गोविंद मीणा, गजराज सिंह राजपूत, राजेश सक्सेना सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने चेक डैम निर्माण के लिए कंपनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे खेती-किसानी को नया संबल मिलेगा और जल संकट से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

## मंत्रालय ने 31 मार्च से बंद कर दी थी सुविधा

# संसद के प्रयास लाए रंग, डाकघर में फिर शुरू हुआ रेलवे आरक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में 31 मार्च से बंद की गई रेलवे रिजर्वेशन सुविधा को मंत्रालय ने फिर से बहाल कर दिया है। दरअसल, रेलवे का मानना था कि पोस्ट ऑफिस से कम संख्या में टिकट आरक्षित हो रहे हैं। ऐसे में आरक्षण की सुविधा बंद कर दी गई थी। आरक्षण सुविधा बंद होने से रेल यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों को या तो उन्हें चुनिंदा ऑनलाइन सेंटर जाकर टिकट बुक करवाना पड़ रहे थे या मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ब्यावर जाना पड़ रहा था। रेल यात्रियों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने रेल मंत्रालय को पत्र लिखते हुए आरक्षण सुविधा को यथावत चालू करने का आग्रह किया था। सांसद नगर के पत्र पर संज्ञान लेते हुए मंत्रालय के अधिकारियों ने सितंबर 2026 तक राजगढ़ मुख्यालय के हेड पोस्ट ऑफिस में टिकट आरक्षण सुविधा अनवरत चालू रखने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस निर्णय से आम जनों एवं रेल यात्रियों में खुशी का माहौल है।

# भोपाल कमिश्नर के आदेश की खुलेआम अवहेलना!

## 8 माह बाद भी गीता बाई को नहीं मिला हक, जिला प्रशासन सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

कुरावर नगर के वार्ड क्रमांक 4 से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां उच्च प्रशासनिक आदेशों को भी स्थानीय स्तर पर दरकिनार किया जा रहा है। पीड़ित गीता बाई, पति स्व. कैलाश नारायण परिहार, पिछले दो दशकों से अपनी ही जमीन के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और कथित राजनीतिक दबाव के चलते आज तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया।

### क्या है पूरा मामला

वर्ष 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में गीता बाई को विधिवत पट्टा आवंटित किया गया था। इसके बाद उन्होंने सीमांकन और तर्मिम की प्रक्रिया पूरी कर नायब तहसीलदार टप्पा कुरावर और नरसिंहगढ़ एसडीएम न्यायालय में अपना पक्ष मजबूत करते हुए केस भी जीता। इसके बावजूद जमीन का वास्तविक कब्जा आज तक नहीं दिया गया, जो सीधे-सीधे प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े करता है।

### कमिश्नर का आदेश भी बेअसर

जनवरी 2025 में भोपाल संभाग के अपर आयुक्त द्वारा स्पष्ट आदेश जारी कर गीता बाई को जमीन का कब्जा दिलाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि 8-9 महीने बीत जाने के बाद भी जिला कलेक्टर स्तर पर इस आदेश को लागू नहीं किया गया। क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर जानबूझकर आदेशों को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है?

### राजनीतिक दबाव या प्रशासनिक मिलीभगत

स्थानीय स्तर पर आरोप हैं कि कुछ प्रभावशाली लोगों एवं संस्थानों द्वारा उक्त जमीन पर कब्जा बनाए रखने की कोशिश की जा रही है। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है? या फिर जानबूझकर एक गरीब महिला को उसके हक से वंचित किया जा रहा है?

### दर-दर भटकने को मजबूर पीड़ित परिवार

गीता बाई और उनके पुत्र लगातार तहसील, एसडीएम कार्यालय और अन्य शासकीय दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं फिर भी हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है, कार्रवाई नहीं।

### गंभीर सवाल खड़े करता मामला

जब कमिश्नर स्तर से आदेश हो चुका है, तो पालन क्यों नहीं? क्या जिला प्रशासन खुद को कानून से ऊपर मान रहा है? आखिर कब तक एक गरीब महिला को न्याय के लिए भटकना पड़ेगा? यह मामला सिर्फ एक जमीन विवाद नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और न्याय व्यवस्था की परीक्षा बन चुका है। अगर उच्च अधिकारियों के आदेश भी जमीन पर लागू नहीं हो रहे, तो आम नागरिक आखिर किस पर भरोसा करे? क्या गीता बाई को उनका हक मिलेगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा?

मेरी जमीन का कब्जा मुझे कुरावर के कुछ नेताओं द्वारा नहीं दिया जा रहा है और सरस्वती शिशु मंदिर के कर्मचारियों द्वारा भी मुझमें पीड़िता को परेशान किया जा रहा है वही इस पूरे मामले में पीड़िता का कहना है कि मुझ बेवा को जमीन का कब्जा नहीं दिया जा रहा है जिला कलेक्टर राजनीतिक दबाव के कारण मुझ गरीब को परेशान कर रहे हे, शीघ्र ही जमीन का कब्जा मुझे नहीं मिला तो एक सप्ताह में तो प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर होंगी।

# नवकार दिवस पर सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का आयोजन



**सारंगपुर।** विश्व शांति एवं सद्भावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नवकार दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे श्री महावीर भवन में सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर श्रद्धा भाव से नवकार महामंत्र का जाप किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आध्यात्मिक आयोजन में समाजजनों ने एक स्वर में मंत्रोच्चार कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जाप में अशोक जैन, अरविंद चौधरी, विनोद लोढ़ा, सुबोध श्रीमाल, दिनेश लोढ़ा, अभय जैन, श्याम जैन, अरुण जैन, अखिलेश जैन, मनोज लोढ़ा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं महिला वर्ग से कांता बाई, तारा बहन चौधरी, विजया लोढ़ा, अनिता जैन एवं संगीता चौधरी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की प्रभावना दिनेश लोढ़ा एवं राजेश जैन परिवार की ओर से की गई। आयोजन के अंत में सभी ने विश्व में शांति, भाईचारे एवं सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार की कामना की। इस प्रकार नवकार दिवस का यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# समस्याओं को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## किसानों से जुड़ी समस्याओं को दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



किसने की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में गुरुवार दोपहर मुख्यालय पर धरना देते हुए तीखा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियवत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित होकर धरने में शामिल हुए धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ इंकाइयों ने कहा कि वर्तमान मध्य प्रदेश सरकार को किसानों की जरा भी चिंता नहीं है। फसल खरीदी नहीं हो पा रही है। स्लॉट बुक है लेकिन किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहा है।

किसानों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा खरीदी ना की जाने से किसानों को अपनी उपज खुले बाजार में बेहद कम दाम पर बेचना पड़ रहा है इससे छोटे किसानों की कमर टूट रही है। इन दोनों मौसम में बदलाव के कारण यदा कदा हो रही बारिश से कल्यानो में राखी किसने की फसल जहां बर्बाद हो रही है वहीं चारा, सूकला पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। राज्यपाल के नाम सौंप गए ज्ञापन में मांग रखी गई की समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी करते हुए जल्द से जल्द खरीदी शुरू करवाई जाए।

### बिजली बिल तोड़ रहे किसानों की कमर

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा भारी भरकम बिजली के बिल थोपे जा रहे हैं पहले से ही प्राकृतिक मार्ग झेल रहे किसान बिल नहीं भर पा रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में वेद भाषा विद्युत कटी हुई थी का मसला भी ज्ञापन के जरिए उठाया गया।

# जानलेवा हमले के बाद पुलिस कार्रवाई से भड़का माली समाज, दी चेतावनी

**सारंगपुर।** नगर के बाग कुआं टंकी क्षेत्र में 25 वर्षीय युवक पर हुए जानलेवा हमले ने अब तूल पकड़ लिया है। गंभीर रूप से घायल विमल पुष्पद जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। वहीं पुलिस द्वारा आरोपियों पर हल्की धाराओं में मामला दर्ज करने से फूलमाली समाज में भारी आक्रोश है। नाराज समाजजनो ने तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग कर चुके हैं।

### क्या है पूरा मामला?

घटना 6 अप्रैल की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। विमल पिता कैलाशनारायण पुष्पद पर पिता-पुत्र और उनके साथियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके पेट, सिर और नाक पर गंभीर वार किए। हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।ज्ञापन में समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। माली समाज के जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद का कहना है कि यह स्पष्ट रूप से प्राणघातक हमला है, इसके बावजूद पुलिस ने मामूली धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को



धमका रहे हैं। वही माली समाज ने घटना को लेकर 7 दिन का अल्टीमेटम दिया नहीं तो होगा आंदोलन समाज के लोगों ने नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन पर धारा 307 (हत्या का प्रयास) जैसी गंभीर धाराएं नहीं लगाई गईं, तो माली समाज उग्र आंदोलन करेगा और थाने का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद के नेतृत्व में पार्षद राकेश पुष्पद, अमित सुहानी, धनसिंह पुष्पद, विनोद पुष्पद, अशोक पुष्पद, दौलतराम पुष्पद आदि रहे मौजूद।

### इनका कहना हैं

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुनः जांच की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर उचित एवं सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अरविंद्र सिंह** एसडीओपी सारंगपुर।

# कार्यवाही: जनपद नरसिंहगढ़ के कई कर्मचारियों का वेतन काटा, कुछ अटैच

## समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ के निर्देश

**राजगढ़:** जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में गुरुवार दोपहर ग्राम पंचायत स्तरीय योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने कार्यों में प्रगति न पाए जाने और अनुशासनहीनता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**'एक बगिया मां के नाम' अभियान:** के तहत ग्राम पंचायत टिकरिया में योजना का एक भी कार्य प्रारंभ न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीईओ ने बी.पी.एम. एसआरएलएम, संबंधित उपयंत्री और कृषि सखी का 03-03 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम पंचायत कांकरियामीना के ग्राम रोजगार सहायक को बैठक में अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से जनपद मुख्यालय अटैच करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मनरेगा एवं तकनीकी अमला जनपद की कुल प्रगति संतोषजनक न होने के कारण मनरेगा ए.पी.ओ और दो सहायक यंत्रियों का 03-03 दिन का वेतन काटने तथा ए.पी.ओ. का वेतन आगामी प्रगति



आने तक रोकने के निर्देश दिए गए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान:** ग्राम पंचायत लसुडल्यापाता में स्वीकृत 09 कार्यों में से एक भी कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित ग्राम रोजगार सहायक को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ अटैच किया गया। साथ ही उत्तरदायी उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर ग्राम पंचायत बुचाखेड़ी के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक का 03-03 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

## बेखौफ चल रही पोकलेन मशीनें, राजस्व को करोड़ों की चपत

# पार्वती की छाती छलनी करने में लगा रेत माफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सेमला पार सेकनपुर क्षेत्र में एक बार फिर रेत माफिया का आतंक शुरू हो गया है। प्रशासन की सुस्ती का फायदा उठाकर माफिया पार्वती नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। सेमला पार और सेंकनपुर में पिछले एक हफ्ते से लगातार अवैध उत्खनन जारी है, जिससे न केवल पर्यावरण को क्षति पहुँच रही है, बल्कि शासन को भी भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।





### प्रशासनिक अनदेखी से बढ़े हौसले

सेमला पार और सेंकनपुर घाटों पर हो रहे इस अवैध कारोबार ने जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। पिछले एक सप्ताह से दिन-रात पोकलेन मशीनों द्वारा नदी से रेत निकाली जा रही है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। क्षेत्र में बढ़ते अवैध खनन के कारण नदी का जलस्तर और पारिस्थितिकी तंत्र भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिम्मेदार विभागों की चुप्पी माफियाओं को और अधिक बढ़ावा दे रही है।

### जानकारी मिली है

मुझे जानकारी मिली है कि नदी पर अवैध खनन हो रहा है। मैं खनिज विभाग को इस बारे में सूचित कर रहा हूं। हम जल्द ही अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचेंगे और जो भी व्यक्ति इसमें लिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

**रामनिवास धाकड़,**
सुठालिया तहसीलदार

### राजस्व की खुली लूट

नदी से अवैध रूप से निकाली जा रही यह रेत सीधे तौर पर सरकारी खजाने पर डाका है। जानकारों का कहना है कि यदि प्रतिदिन 50 ट्रैक्टर रेत निकाली जा रही है, तो इसका सीधा मतलब है कि शासन को मिलने वाला लाखों का रॉयल्टी शुल्क माफियाओं की जेब में जा रहा है। पिछले साल की जब्ती की कार्रवाई के बावजूद माफियाओं के हौसले पस्त नहीं हुए हैं, जो स्थानीय प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है।

### प्रमुख बिंदु: एक नजर में खनन का सेमलापर और सेकनपुर पार्वती नदी घाट

- माफिया की ताकत: प्रतिदिन 40 से 50 ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन।
- भारी मशीनों का प्रयोग: पोकलेन मशीनों से खुलेआम हो रही खुदाई।
- आर्थिक नुकसान: राजस्व विभाग को अब तक करोड़ों की हानि होने का अनुमान।
- पुराना रिकॉर्ड: पिछले वर्ष भी अवैध खनन के चलते विभाग ने एक पोकलेन मशीन जब्त की थी।

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष कैलाश बगाना का किया स्वागत



**जावर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कैलाश बगाना का जावर नगर में पधारे। इस अवसर पर उनका साफा बांधकर पुष्पमाला से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय अजमेरा, वरिष्ठ नेता कुमेर सिंह ठाकुर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष तेज सिंह भाटी, सांसद प्रतिनिधि मनोज वैद्य, सूरज सिंह पटेल बमुलिया, दिनेश शर्मा, कैलाश सोलंकी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तेजसिंह कप्तान के नेतृत्व में किया स्वागत



**जावर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा युवा मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य कुशल वक्ता लेखक कल्पेश ठाकुर को भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता मध्यप्रदेश बनाए जाने पर तेजसिंह कप्तान के प्रतिष्ठान पर स्वागत कर बधाई प्रेषित की।

### गेहूं चने का तुलेगा एक 1-1 दानाः मानसिंह

**आष्टा।** शुक्रवार को मां बिजासन वेयरहाउस बापचा पर समर्थन मूल्य पर खरीदी की शुरुआत की गई इस अवसर पर भारती जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मानसिंह इलाही के द्वारा तौल कांटे की पूजा अर्चन कर खरीदी शुरुआत की गई है इस अवसर पर खरीदी केंद्र पर गेहूं लाने वाले किसान भाइयों का माला एवं साफा पहनकर स्वागत किया। इलाही ने कहा कि पंजीयनशुदा किसानों के लिए रबी फसल खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्र खोले गए है, जिससे किसानों को गेहूं चना फसल तुलाई में अब दिक्कतें नहीं आएगी ओर उन्हें पहले से अब बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध होगी।यह बात शुक्रवार को समर्थन मूल्य के खरीदी केंद्र के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। इस अवसर पर इस अवसर पर सर्वप्रथम कृषक मानसिंह ठाकुर झंझनपुरा के गेहूं तुलावाया गया और उनका स्वागत भी किया गया।

### जिले में गेहूं उपार्जन का शुभारंभ, वेयर हाउस पर अन्नदाताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया

# खरीदी केंद्रों पर पहले ही दिन लगी लंबी कतारें, केंद्रों पर की गई किसानों के बैठने, ठंडे पानी सहित अन्य कई व्यवस्थाएं





### वेयर हाउस पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर किसानों का वेयर हाउस संचालकों ने किया स्वागत सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर/कोठरी/खाचरोद

जिले में सुनहरी रंगत वाले गेहूं की चमक अब उपार्जन केंद्रों पर दिखाई देने लगी है। जिले में आज गेहूं खरीदी का विधिवत और भव्य शुभारंभ हुआ। अहमदपुर में माहेश्वरी वेयर हाउस पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर किसानों का वेयर हाउस संचालक नितेश माहेश्वरी और कौशल वर्मा द्वारा उपार्जन केंद्र पर पहुंचे किसानों का हार फूल कर गमछा उड़कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर किसानों का स्वागत फूल-मालाएं पहनाकर और तिलक लगाकर किया गया, जिससे केंद्रों पर उत्सव का माहौल बन गया।

#### केंद्रों पर उत्सव का माहौल

अहमदपुर भिलाखेड़ी में मौजूद माहेश्वरी वेयर हाउस पर खरीदी प्रक्रिया को उत्सव के रूप में मनाया गया। वेयर हाउस संचालक ने किसानों को तिलक लगाकर गमछा उढ़ाकर हार फूल से स्वागत किया। उसके पश्चात उपार्जन केंद्र पर मौजूद किसानों को सुलपआहार भी कराया गया।

#### किसानों का स्वागत सत्कार

अपनी मेहनत की फसल लेकर पहुंचे किसानों का स्वागत विशेष रूप से किया गया। केंद्रों पर गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया गया। वेयरहाउस संचालक नितेश माहेश्वरी, कौशल वर्मा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से किसानों के मनोबल में वृद्धि होती है। और उन्हें अपनी मेहनत का सम्मान मिलता है। यह कार्यक्रम क्षेत्र के कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपार्जन केंद्र पर अपनी ऊपर लेकर आए किसानों का सम्मान किया गया है ताकि उनकी मेहनत का उन्हें फल मिले। उपार्जन केंद्र पर तूलाई से पहले वेयरहाउस संचालक ने कांटों की पूजा अर्चना की।

#### खाचरोद में बने तीन केंद्र



**खाचरोद।** शुक्रवार को ग्राम खाचरोद में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व किसानों की उपस्थिति में विधिवत पूजा पाठ कर किया। आए हुए सभी अतिथि व किसानों का केंद्र प्रभारी द्वारा हार फूल माला व साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। इस बार खाचरोद में तीन केंद्र बनाए गए हैं। बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति सिद्धिगंज मां बिजासन वेयरहाउस, बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति पगारियाहाट मां नर्मदा वेयरहाउस, बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति खामखेड़ा जात्रा पिपलिया कैलाश पलक वेयर हाउस पर क्षेत्र के किसानों का गेहूं तुलेगा। केंद्र पर किसानों को बैठने की वह ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। जिसमें किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। तीनों केंद्रौ के प्रभारी ने किसानों से अपील की है कि वह अपना गेहूं साफ सुथरा व सुखाकर लाये। किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो तुरंत केंद्र प्रभारी से संपर्क करें। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक प्रबंधक गजेंद्र दुबे, सुपरवाइजर चंद्र सिंह बाड़ोलिया, किसान संघ के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, जिला भाजपा महामंत्री खाचरोद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, सिद्धि गंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया, कुलदीप सिंह ठाकुर, सरपंच धुराडा लोकेंद्र सिंह ठाकुर, लक्ष्मी नारायण वर्मा, पूर्व सरपंच नारायण सिंह ठाकुर, मनोहर लाल शर्मा, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, सरपंच बापचा बरामद नवी लाल जाट, पूर्व अध्यक्ष उदय सिंह दरबार, वीरेंद्र जैन, पूर्व सरपंच रोलागांव अकेसिग ठाकुर, पूर्व सरपंच भील खेड़ी उदय सिंह ठाकुर, केंद्र प्रभारी संतोष कुमार जैन, तुलसीराम बाड़ोलिया, राजकुमार शर्मा, महेंद्र जाट, कमल सिंह ठाकुर, अमृत दास बैरागी, अमित शर्मा, हरिदास बैरागी व क्षेत्र के समस्त किसान बंधु उपस्थित थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वेयरहाउसिंग केंद्रों पर गेहूं खरीदी का शुभारंभ, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने किया उद्घाटनआष्टा।शासन द्वारा गेहूं खरीदी केंद्रों की स्थापना के उपरांत क्षेत्र में विधिवत खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया।

इसी क्रम में हरिओम समिति के उपार्जन केंद्र स्थित वेयरहाउसिंग केंद्र पर गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया गया। ग्राम पगारिया राम समिति के उपार्जन केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में वेयरहाउसिंग केंद्र का विधिवत उद्घाटन कर गेहूं तुलाई कार्य प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, तहसीलदार राम पगारे, संस्था के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति में खरीदी व्यवस्था को सुचारू रूप से प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही सवारियां वेयरहाउस केंद्र, पटेल ग्रेडिंग एंड ट्रेडिंग कंपनी वेयरहाउस, मुकाती किसान सेवा केंद्र एवं रॉयल वेंचर वेयरहाउस पर भी विधायक द्वारा किसानों का सम्मान करते हुए गेहूं खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला। समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने पर किसानों ने संतोष व्यक्त किया और शासन की इस पहल की सराहना की।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुगम तरीके से संचालित किया जाएगा। जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### किसानों और तुलावटी को लगाया तिलक, साफ बांध कर किया स्वागत



**कोठरी।** शासन द्वारा गेहूं खरीदी केंद्रों की स्थापना के उपरांत क्षेत्र में विधिवत खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया।वी विन लसुड़िया वेयर हाउस मे गवाखेड़ा सोसायटी, मॉ हिंगलाज वेयर हाउस मे निपानिया सोसायटी, कोम कोक्स वेयर हाउस मे बेदाखेड़ी सोसायटी शुभारंभ हुआ। कोठरी सोसायटी मे गेंहू के समर्थन मूल्य के केंद्रों का शुभारंभ पर किसानो और तुलावटी को तिलक लगा कर और साफा श्रीफल दे कर सम्मानित किया।स्वागत अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर परिषद कोठरी व पूर्व उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राधेश्याम दलपति द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक कोठरी के मेनेजर एच एस राजपूत, चेयरमैन सुन्दरलाल पटेल, पार्षद शिशुपाल, पार्षद लखन सिंह, मोहन सिंह, पार्षद धर्म सिंह, देवकरण दुबे सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति में खरीदी व्यवस्था को सुचारू रूप से प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही किसानों का सम्मान करते हुए गेहूं खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला। समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने पर किसानों ने संतोष व्यक्त किया और शासन की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुगम तरीके से संचालित किया जाएगा। जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रतियोगिताएं हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




जावर नगर के शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत निबंध लेखन, वाद-विवाद, भाषण एवं पोस्ट निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता में कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की। कार्यक्रम के प्रभारी इतिहास विषय के सहायक प्राध्यापक भीमसेन मालवीय रहे।इस अवसर पर प्राचार्य शुक्ल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरुक रहने एवं समाज में इसके प्रति संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नीतू परवाल, प्रीति कुशवाहा, राकेश कुमार सोलंकी, डॉ. शर्मिला गांगले, डॉ. सुमन भदोरिया, डॉ. विजय कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ग्राम पिपलिया कैलाश की बेटी शिवानी और सांगाखेड़ी की बेटी प्रियंका पुलिस परीक्षा में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





तहसील के ग्राम पिपलिया कैलाश की बेटी शिवानी शर्मा पिता रुपेश शर्मा ने मध्यप्रदेश पुलिस में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपने पहले ही अटेम्पट में अपनी पहली प्रतियोगी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जनरल कैटेगरी मेरिट में 16वीं रैंक हासिल की। खास बात यह है कि शिवानी ने मात्र 20 वर्ष की उम्र में सरकारी सेवा प्राप्त कर एक मिसाल पेश की है। वे अपने गांव और पूरे परिवार में पहली पुलिस सेवा में स्थान पाने वाली बनी है। कठिन आर्थिक परिस्थितियां, पारिवारिक जिम्मेदारियां, मानसिक व शारीरिक चुनौतियां व तनाव—इन सबके बीच शिवानी ने अपना आत्मविश्वास बनाये रखा।

उनके कुछ करके दिखाने की उनके सपने ने केवल डेढ़ महीने की जुनून भरी पढ़ाई और तीन महीने की कठोर शारीरिक तैयारी के दम पर उन्होंने लिखित परीक्षा में 75 और शारीरिक परीक्षा में 80 अंक प्राप्त कर कुल 155 अंक अर्जित किए। और 152.49 का मेरिट स्कोर किया। इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता और दादी का संयुक्त त्याग समर्पण उनका हौसला बना। वे अपनी सफलता का श्रेय उनकी मां पवित्र शर्मा को देती है जो मां रोज़ाना लगभग 16 किमी ठंड में उन्हें सुबह शाम स्टेडियम लाती ले जाती, उनके खान-पान और शारीरिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा, यहां तक कि कई बार पैरों में सूजन और शारीरिक समस्याएँ होने के बावजूद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उनके घरवालों ने उनका पूरा साथ दिया वहीं पिता ने हर परिस्थिति में उन पर विश्वास बनाए रखा।

उनके माता पिता के संघर्ष और समाज में सकारात्मक प्रभाव डालने के उनके सपने ने उनमें हार मान लेने का ख्याल भी नही आने दिया। जिससे शिवानी का मनोबल और मजबूत हुआ। शिवानी बताती हैं कि तैयारी के दौरान इन पांच महीनों में उन्होंने खुदको अधिक अनुशासित, समर्पित और मानसिक रूप से मजबूत और जीवन के प्रति सकारात्मक बनाया। वे आगे भी अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती है। उनकी कहानी उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का साहस रखती हैं। वे कहती है खुद से नहीं हारोगे तो कोई तुम्हें नहीं हरा सकता।

#### सांगाखेड़ी की बेटी प्रियंका बनी आरक्षक

तहसील आष्टा के ग्राम सांगाखेड़ी के फूलसिंह मालवीय की बेटी प्रियंका मालवीय का म.प्र.पुलिस में आरक्षक पद पर हुआ चयन। चयन होते ही, पूरे ग्राम में खुशी की लहर छा गई। प्रियंका ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी बहन पुष्पा मालवीय व अपने परिवार को दिया। प्रियंका ने अपनी इस उपलब्धि पर 2100/- इक्कीस सौ रूपए की राशि माँ पार्वती धाम गौशाला आष्टा को दिए गए। जो समाज के प्रति उनकी आस्था और सेवा का दर्शाता है। माँ पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह छात्रा की इस पहल को सराहा व आभार माना। इस सफलता के अवसर पर क्षैत्रीय विधायक गोपालसिंह जी इंजी. कमलसिंह चौहान सकल समाज के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह डॉ. स्मृति वर्मा देवेन्द्र वर्मा पत्रकार राजीव गुप्ता मोन्टू कोरी मनीष डोंगरे ने परिवार को बधाई दी। प्रियंका ने अपनी शिक्षा की तैयारी विनर्स के ऑनलाईन ऐप से एवं शारीरिक परीक्षा की तैयारी इण्डियन फिटनेस एकेडमी आष्टा व पुष्पेन्द्र सर के द्वारा की।

### पुलिस बैंड की आकर्षक प्रस्तुति, युवाओं को भर्ती के लिए प्रेरित किया

# 679 पदों पर भर्ती होगी, कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला देवास के सयाजी द्वार पर मध्य प्रदेश पुलिस भोपाल के पुलिस बैंड द्वारा विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती 2026 के लिए प्रेरित करना और उनमें पुलिस सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक खुशी लाल के नेतृत्व में 20 सदस्यीय पुलिस बैंड टीम ने देशभक्ति और जोश से भरपूर धुनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। बैंड की मधुर और उत्साहवर्धक धुनों ने उपस्थित नागरिकों और खासकर युवाओं का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने प्रस्तुति की सराहना की।इस अवसर पर अधिकारियों ने भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस बैंड भर्ती 2026 के अंतर्गत कुल 679 पदों पर भर्ती की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए न्यूनतम 8वीं पास तथा अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 10वीं पास होना अनिवार्य है।इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। देवास पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेकर अपने भविष्य को

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निरीक्षण कर निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 12 अप्रैल को आष्टा में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की तैयारियां समय से पहले ही पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आगमन, निर्गमन, पेयजल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, यातायात, बैठक व्यवस्था एवं साफ सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सभी पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 12 अप्रैल को आष्टा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नितिन टाले, तहसीलदार रामलाल पगारे, जनपद सीईओ अमित व्यास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।